केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

**सीबीएसई/सीटीईटी/2021** **31.01.2022**

**प्रेस प्रकाशनी**

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का **15**वां संस्करण भारत के विभिन्न शहरों में **16** दिसंबर **2021** से **21** जनवरी **2022** तक कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) मोड में आयोजित किया गया है। परीक्षा में बैठने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर कुंजी वेबसाइट **www.ctet.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। जो अभ्यर्थी उत्तर कुंजी से संतुष्ट नहीं हैं, वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपनी चुनौती प्रस्तुत कर सकते हैं:

1. सीटीईटी वेबसाइट पर प्रदर्शित सीटीईटी दिसंबर **2021** की उत्तर कुंजी **सीटीईटी दिसंबर-21 प्रश्न पत्र** के लिंक के तहत वेबसाइट पर उपलब्ध **मुख्य प्रश्न पत्रों** के अनुसार हैं।
2. इसलिए, अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे सबसे पहले प्रश्नों के अनुक्रम और अपने प्रश्न पत्र के उत्तर विकल्पों (जो उनके लॉग-इन में उपलब्ध हैं और उन्हें ईमेल के माध्यम से भी भेजे गए हैं) का मिलान अनिवार्य रूप से वेबसाइट पर **सीटीईटी दिसंबर-21 प्रश्न पत्र** लिंक के तहत उपलब्ध **मुख्य प्रश्न पत्रों** के साथ कर लें।
3. उत्तर कुंजी की चुनौती केवल ऑनलाइन रूप में **04/02/2022** (रात **11.59** बजे तक) तक सीटीईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। किसी अन्य माध्यम अर्थात ईमेल/पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत चुनौतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। चुनौती दिए गए प्रति प्रश्न के **1000/-** रुपये के अनुसार निर्धारित शुल्क क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से **04/02/2022** (रात **11.59** बजे तक) तक जमा करना होगा। धनवापसी (यदि कोई हो) संबंधित क्रेडिट/डेबिट कार्ड खाते में ऑनलाइन अंतरित कर दी जाएगी, इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड से भुगतान करें।

जिन चुनौतियों के लिए शुल्क प्राप्त होता है, उनका सत्यापन संबंधित विषय विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। यदि उत्तर कुंजी की चुनौती बोर्ड द्वारा स्वीकार कर ली जाती है अर्थात यदि उत्तर कुंजी में विषय विशेषज्ञ (विशेषज्ञों) द्वारा कोई गलती देखी जाती है, तो वेबसाइट पर एक नीतिगत निर्णय अधिसूचित किया जाएगा और शुल्क वापस कर दिया जाएगा। चुनौतियों पर सीबीएसई का निर्णय अंतिम होगा और आगे किसी सम्प्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।

**निदेशक (सीटीईटी)**

PS 1-2, Institutional Area, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110 092
Phone: 011-22240142, 22247176 Website: www.cbse.nic.in: www.ctet.nic.in E-mail:ctet@cbse.gov.in